उत्तर प्रदेश पुलिस

# नववर्ष सन्देश 2021






**एच.सी. अवस्थी**
आई.पी.एस.

# पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग)
गोमती नगर विस्तार, लखनऊ


# नववर्ष संदेश–2021

नववर्ष के अवसर पर मैं आप सभी को तथा आपके परिवारजनों को हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ। यह वर्ष आप एवं आपके परिवारजनों के जीवन में सुख–समृद्धि, उल्लास एवं आनन्द का संचार करे तथा आप सब स्वस्थ एवं आनन्दित रहें, ऐसी मेरी कामना है।

इस अवसर पर विगत वर्ष की हमारी चुनौतियों एवं हमारी उपलब्धियों का स्मरण एवं भविष्य के लिये हमारी प्राथमिकताओं का आंकलन करना अत्यन्त आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है।

नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) एवं एन0आर0सी0 लागू होने के उपरान्त प्रदेश का साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखना एवं **वैश्विक महामारी कोविड–19 की गाइडलाइन्स का पालन** कराना पुलिस के लिये एक बड़ी चुनौती थी, जिसका निर्वहन उत्तर प्रदेश पुलिस ने कुशलतापूर्वक किया। इसकी न केवल प्रदेश वरन् पूरे देश में भूरि–भूरि प्रशंसा हुई।

उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा देश के सबसे बड़े **डिफेन्स एक्सपो** में त्रुटि रहित सुरक्षा प्रबन्ध सुनिश्चित करना, अमेरिकी राष्ट्रपति एवं उनके परिवार की सुरक्षित आगरा की यात्रा सुनिश्चित करना, अयोध्या में अत्यन्त चुनौतीपूर्ण समय में अभेद्य सुरक्षा के साथ सकुशल **राम जन्मभूमि मन्दिर शिलान्यास कार्यक्रम,** मध्यावधि विधानसभा निर्वाचन एवं सभी पर्वों को सकुशल सम्पन्न कराकर एक बेहतर मिसाल प्रस्तुत की गयी है, जो हमारे इस प्रतिष्ठित पुलिस बल की क्षमता, कार्यकुशलता एवं दक्षता में चार चाँद लगाती है। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में इतने उत्साह, परिश्रम एवं व्यक्तिगत खतरे मोल लेते हुए ड्यूटियों को अंजाम देना किसी भी बल के लिये गर्व का विषय है। मैं ऐसी कर्तव्यपरायणता पर बहुत गर्व महसूस कर रहा हूँ।

कोरोना रोकथाम हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस बल द्वारा अपने वेतन से लगभग 21 करोड़ रूपये स्वैच्छिक योगदान देकर **कोविड–19 कोष** में जमा किये गये। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश पुलिस बल को कोरोना से लड़ने हेतु 70 करोड़ रूपये का अनुदान दिया गया जिससे पुलिस बल में कोविड–19 संक्रमण नियंत्रित करने में बहुत सहायता मिली।

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा अग्निशमन की सुविधाओं को उच्चीकृत व सुदृढ़ करने हेतु फायर सर्विस को 56 नई गाड़ियाँ दी गयी। उत्तर प्रदेश पुलिस के आधुनिकीकरण हेतु प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अत्याधुनिक **पुलिस एवं फोरेन्सिक साइन्स यूनिवर्सिटी** की स्थापना हेतु निर्णय लिया गया। साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये प्रदेश में 16 साइबर थानों,

साथ ही 10 जनपदों में सतर्कता अधिष्ठान के थानों व 04 ई0ओ0डब्लू0 के थानों की स्थापना की गयी है। प्रदेश में पुलिस आयुक्त प्रणाली के क्रियान्वयन के प्रथम वर्ष में हासिल की गयी सफलता एवं कार्यकुशलता को सभी के द्वारा सराहा जा रहा है। यूपी–100 से राष्ट्रव्यापी एकीकृत आपात सेवा–112 के परिवर्तन को क्रियान्वित करते हुए एवं उसे 1090 तथा 108 से भी सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है। महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा हेतु **उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल** का गठन किया गया है। इसमें प्रथम चरण में 05 वाहिनियों के गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस नये बल से उत्कृष्ट श्रेणी की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

महिला अपराध रोकथाम एवं जागरूकता हेतु प्रदेश में **मिशन शक्ति** चलाया जा रहा है, इसके अन्तर्गत प्रत्येक थाने पर महिला हेल्प–डेस्क की स्थापना की गयी है तथा **पिंक बूथ** बनाये गये हैं एवं पिंक पेट्रोल कारें क्रियाशील की गयी हैं। महिलाओं के विरूद्ध घटित होने वाले अपराधों पर पुलिस द्वारा कड़े नियंत्रण हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं।

विगत वर्ष में प्रदेश पुलिस में लगभग 25 हजार राजपत्रित/अराजपत्रित कार्मिकों को **विभिन्न पदों पर पदोन्नतियाँ** की गयी हैं जिनसे अपने कार्य के प्रति उत्साह की भावना परिलक्षित हुई है और उनका मनोबल भी बढ़ा है।

जहाँ एक ओर हमने **माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही** कर संगठित अपराध का खात्मा किया है, वहीं दूसरी ओर गैंगेस्टर, पेशेवर हत्यारों, लुटेरों और अन्य गम्भीर अपराध करने वाले अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की है। पुलिस द्वारा की गयी वैधानिक आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में 05 लाख रूपये का एक, 01 लाख रूपये के 06 तथा 50 हजार रूपये के 08 पुरस्कार घोषित अपराधी मारे गये तथा ढाई लाख रूपये के एक, एक लाख रूपये के 08 एवं 50 हजार रूपये के 65 **पुरस्कार घोषित अपराधी गिरफ्तार** किये गये, जिससे जनता में व्याप्त भय का माहौल समाप्त हो गया है और पुलिस के प्रति विश्वास में बढ़ोत्तरी हुई है।

विगत वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष डकैती, लूट, हत्या, बलवा, गृहभेदन, फिरौती हेतु अपहरण के गम्भीर **अपराधों में उल्लेखनीय कमी** आयी है। इसी के साथ महिला संबंधी अपराधों–बलात्कार, शीलभंग, दहेज मृत्यु, अपहरण आदि में भी कमी आयी है।

इस नववर्ष के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, मनोयोग एवं ईमानदारी के साथ करेंगे, जिससे जनता के समक्ष एक संवेदनशील, कार्यकुशल एवं कर्तव्यनिष्ठ पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत हो। मेरी ओर से आप एवं आपके परिवार को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनायें। नववर्ष आपके एवं आपके परिवारजनों के जीवन में सुख–समृद्धि एवं उल्लास लेकर आये तथा आप सभी स्वस्थ रहें।

जय हिन्द! जय भारत!

**(एच.सी. अवस्थी)**
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश

सत्यमेव जयते

उत्तर प्रदेश पुलिस



सुरक्षित समाज का निर्माण
ही हमारा धर्म एवं कर्म है।